## कार की चपेट में आने से गांव कोटा खंडेलवाल की एक महिला गंभीर रूप से घायल

**तावडू 14 मार्च ( विजय कोकी )** तावडू खंड के गांव कोटा खंडेवला में एक कार की चपेट में आने से महिला के घायल होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोनू पुत्र राजपाल निवासी गांव कोटा खंडेवला ने बताया कि रविवार सुबह 6 बजे के करीब जब उनकी मां विद्या पत्नी राजपाल मंदिर से पूजा करने के बाद सड़क के एक तरफ अपनी साइड से चल रही थी, तभी गुडगांव की तरफ से बड़ी तेज गति व लापरवाही से आ रही एक कार ने उनकी मां को पीछे से टक्कर मार दी। उसने बताया कि उस समय वह अपने साथी रोहित के साथ वहीं पर मौजूद था। कार चालक थोड़ी देर रुका और फिर मौके से कार सहित फरार हो गया। जिसके बाद वह घायल विद्या को उपचार के लिए गुरुग्राम ले गए। जांच अधिकारी एएसआई हरविंदर फौगाट ने बताया कि मामले में अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## उपप्रधान चुने जाने पर पंजाबी समाज ने राव इंद्रजीत सिंह को धन्यवाद किया

**रेवाड़ी, 14 मार्च।** रविवार को नगर परिषद रेवाड़ी में पंजाबी समाज के उम्मीदवार श्यामसुंदर चुग को उप प्रधान चुने जाने पर पंजाबी समाज की तरफ से केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह का धन्यावाद किया गया। पंजाबी समाज के प्रधान एडवोकेट सचिन मलिक ने समाज की तरफ से राव को यह विश्वास दिलाया कि पंजाबी समाज उनका कृतज्ञ है और कहा कि जिस विश्वास के साथ समाज के उम्मीदवार को चुनने में सहयोग दिया है, उस विश्वास को अच्छे कार्य से जुड़कर पूरा किया जाएगा। नवनिर्वाचित उप प्रधान श्यामसुंदर चुग ने समाज के लोगों की भारी उपस्थिति में रामपुरा हाउस में यह यकीन दिलाया कि जिस विश्वास से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। इस अवसर पर सचिव नरेंद्र बतरा, अनिल अरोड़ा, पूर्व पार्षद मनीष चराया, रवि ठुकराल, सुरेश महंदीरत्ता, नरेश कालरा, संजय गेरा, अमित तनेजा, बोधराज चुग, जवाहर गांधी, पार्षद सुचित्रा चांदना, पार्षद रंजना भारद्वाज, पार्षद दलीप माटा, मुरली मनोहर मंडल के सदस्यगण, नवीन पोपली, भाजपा की मीडिया पैनेलिस्ट वंदना पोपली, रमेश चक्रवर्ती, चंद्र अरोड़ा, सुभाष चुग, मोंटी अरोड़ा, प्रेस प्रवक्ता डा. नवीन अदलखा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल ने गांव प्राणपुरा में नॉलेज सैंटर का किया शिलान्यास

**रेवाड़ी, 14 मार्च।** सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल ने रविवार को रेवाडी जिले के प्राणपुरा गांव में नॉलेज सैंटर का शिलान्यास किया।

मंत्री डॉ बनवारी लाल ने इस अवसर पर कहा है कि रेवाडी जिला में 32 नॉलेज सैंटर बनाएं जा रहे है, जिनको पंचायत आईटी सेंटर के रूप में इस्तेमाल कर सकेगी। साथ ही पंचायत इस नॉलेज सैंटर में ग्रामीणों के लिए किताबों व न्यूजपेपर की व्यवस्था भी कर सकेगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नॉलेज सैंटर पर 27 से 30 लाख रूपए का खर्चा किया जा रहा है। इनके बनने से ग्रामीणों को विशेषकर विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि शुरूआती चरण में तीन हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में नॉलेज सेंटर बनाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी गांवों को इंटरनेट से जोडने् का काम कर रही है ताकि ग्राम पंचायत अपने सभी कामों को ऑनलाइन कर सकें।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस नॉलेज सैंटर के माध्यम से ग्रामीण डिजिटली सशक्त होंगे। इन नॉलेज सैंटर के माध्यम से प्रशासन से संबंधित ज्यादातर सुविधा गांव स्तर पर संभव हो पाएगी।

डॉ बनवारीलाल ने कहा कि भाजपा की सरकार अन्तोदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है ताकि समाज की अन्तिम पंक्ति में खड़े गरीब व्यक्ति को पूरा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर पूरे प्रदेश का एक समान विकास करा रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर अपने क्षेत्र का विकास करवाना है ताकि किसी भी गांव में कोई समस्या शेष न रहे। इस क्षेत्र का चंहुमुखी विकास कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है

इस मौके पर जिला महामंत्री ईश्वर चनेजा, पंचायत समिति के निवर्तमान चेयरमैन वीरेंद्र छिल्लर, सरपंच ईश्वर, सरपंच दलेल, पूर्व सरपंच लक्खि, मंडल महामंत्री ईश्वर शर्मा, मोहर सिंह व प्रताप सिंह बावल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## होंडा कंपनी से निकाले सैकड़ों कर्मचारियों ने कंपनी के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**ज्योति दर्पण/योगेंद्र चौहान-** एनएचपीसी चौक स्थित होंडा कंपनी के प्लांट के बाहर होंडा 2कंपनी से निकाले गए सैकड़ों कर्मचारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और कहां की अगर जल्द से जल्द उनको वापस नहीं लिया गया तो वह राष्ट्रव्यापी स्तर पर आंदोलन करेंगे।

हौंडा कंपनी के खिलाफ लिखे स्लोगन वाली तख्तियां हाथों में पकड़े यह सभी हौंडा कंपनी के वह कर्मचारी हैं जिनको कोविड-19 के बाद निकाल दिया गया लेकिन आज तक भी इन कर्मचारियों को वापस नहीं लिया गया है इन कर्मचारियों की माने तो यूनियन और कंपनी प्रबंधन की आपसी चालबाजी के चलते करीब 1000 कर्मचारियों को प्लांट से निकाल दिया गया। जबकि प्लांट के मैनेजमेंट मैं अपने चाहे तो को नौकरी पर रख लिया उन्होंने कहा की सभी निकाले गए कर्मचारियों को ऐसा भी कंपनी की तरफ से अलग-अलग दिया गया वह पिछले कई सालों से यहां पर काम कर रहे थे लेकिन अब कंपनी के द्वारा उनको निकाले जाने से उनके सामने आर्थिक तौर पर संकट खड़ा हो चुका है क्योंकि अब तक जो उन्होंने कंपनी से वेतन लिया उससे वह अपने घरों की किस्तें भर्ती आ रही हैं लेकिन हम नौकरी चले जाने से उनके घर भी बैंक के अधीन हो जाएंगे और उनके बीवी बच्चे रोड पर आ जाएंगे। कर्मचारियों की वापसी की मांग को लेकर वह पिछले करीब 4 महीने से अलग-अलग शहरों में विरोध प्रदर्शन करते आ रहे हैं और देश में जहां जहां भी होंडा के शोरूम है सभी के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे ताकि होंडा मैनेजमेंट की कर्मचारी दमनकारी नीतियों को लोगों के बीच खुलासा हो और जब कंपनी का नाम लोगों में बदनाम होगा तब कंपनी को पता चलेगा कि एक मजदूर की हाय क्या होती है यूनियन और मैनेजमेंट ने मिलकर कर्मचारियों को धोखा दिया है

## कृषि कानूनों और कोरोना वैक्सीन पर भ्रम फैलाकर जनता के हितों से खेल रहे हैं विपक्षी दल-डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा

**हांसी , 14 मार्च। मनमोहन शर्मा**

हरियाणा विधानसभा में डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा ने कहा है कि विपक्ष द्वारा विभिन्न मुद्दों पर फैलाया जा रहा भ्रम राष्ट्र और राष्ट्र के नागरिकों का नुकसान करने का कुत्सित प्रयास है। कृषि कानूनों और यहां तक की कोरोना से बचाव की वैक्सीन को लेकर लोगों के मन में डर पैदा करने वाली विपक्षी पार्टियां अपने समाप्त होते जा रहे अस्तित्व को बचाने के लिए जनता के हितों के साथ खेल रहीं हैं। भाजपा के केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा रविवार को नलवा विधानसभा मंडल प्रशिक्षण शिविर के दौरान पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। डिप्टी स्पीकर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विपक्षी दलों के मंसूबों को कामयाब ना होने दें और लोगों को विपक्षी दलों की असलियत से रूबरू करवाएं। उन्होंने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने बूथ के अनुसार कोरोना वैक्सीनेशन के कार्यक्रम तैयार करें और जिला प्रशासन का सहयोग करें।



डिप्टी स्पीकर ने कहा कि कोरोना महामारी का स्वरूप बिगड़ रहा है, इसलिए निर्धारित लक्षित समूहों का अधिक से अधिक वैक्सीनेशन करवाया जाना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि करोना कॉल में देश के प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच के चलते आपदा को अवसर के रूप में बदला गया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत 20 लाख करोड़ करोड़ के पैकेज के प्रावधान के बाद देश में प्रोडक्शन बढ़ा है और अनेक क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता कम हुई है। आज हमारे देश में ही मास्क, सैनिटाइजर, पीपीई किट और यहां तक की कोरोना से बचाव का वैक्सीन भी तैयार किया गया है।

डिप्टी स्पीकर ने कार्यकर्ताओं से यह आह्वान किया कि वे कृषि कानूनों को लेकर भी लोगों को जागरूक करें और उन्हें यह बताएं कि जो विपक्ष आज बड़े-बड़े दावे कर रहा है, वह अपने समय में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कितनी फसलें खरीदते थे और आज कितनी फसलों की खरीद सरकार कर रही है।

वर्तमान सीजन में भी सरकार ने 6 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय किया है। इसके अतिरिक्त मंडियों को भी न केवल मजबूत किया जा रहा है बल्कि इनका विस्तार भी किया जा रहा है। अकेले नलवा हल्के में पिछले खरीद सीजन के दौरान नए खरीद केंद्र स्थापित किए गए थे।

उन्होंने कहा कि किसान एफपीओ बनाकर स्वयं भी फसल खरीद का कार्य कर सकते हैं। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि किसानों के खातों में 90 हजार करोड रुपए की धनराशि सीधे हस्तांतरित की गई थी। इसके अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में सीधे राशि दी जा रही है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है और यही विपक्षी दलों की सबसे बड़ी तकलीफ है। बीपीएल परिवारों को 8 करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर दिए गए हैं। देश के सैनिकों का सम्मान बढ़ाते हुए वन रैंक वन पेंशन को लागू किया गया। किसानों को उनकी फसलों के लागत मूल्य का डेढ़ गुना दाम दिया गया।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड की अवधारणा भी जल्द ही पूरी तरह से मूर्त रूप लेगी, जिसके बाद सिस्टम की खामियां समाप्त हो जाएंगी। हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सभी गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का संकल्प लिया है,

## खेत से नोजल चोरी करने वाले को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश कर लिया एक दिन के रिमांड पर



**नारनौल, राजेश राज गोयल, 14 मार्च 2021**

नारनौल सदर थाना की पुलिस टीम ने कल शाम खेत में से नोजल चोरी करने वाले एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी ने सदर थाना नारनौल के क्षेत्र गांव सुराणा से खेत से नोजल चोरी की थी। आरोपी की पहचान राहुल पुत्र कृष्ण वासी बड़कोदा के रूप में हुई है। आरोपी को आज अदालत नारनौल में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को 1 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 फरवरी 2021 को गांव सुराणा के निवासी रविंद्र सिंह ने सदर थाना नारनौल में शिकायत दी कि दिनांक 14/15 फरवरी की रात को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खेत के फव्वारा सैट नोजल चुरा ली गई हैं। रविंद्र ने बताया कि 14 फरवरी को शाम को वह अपने खेत से घर चला गया था। जब 15 फरवरी को सुबह उसने खेत में जाकर देखा तो खेत में से फव्वारा सैट से नोजल चोरी हुई मिली। इस सूचना पर पुलिस ने थाना सदर नारनौल में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। मुकदमे में कार्यवाही करते हुए सदर थाना नारनौल पुलिस की टीम ने कल शाम मुकदमे में शामिल एक आरोपी को पकड़ कर गिरफ्तार किया है। आरोपी को गांव बड़कोदा के क्षेत्र से पकड़ कर गिरफ्तार किया गया है। चोरी की घटना की छानबीन करते हुए पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आज अदालत नारनौल में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड के दौरान आरोपी चोरी किए हुए सामान के बारे में पूछताछ की जाएगी। पूछताछ के दौरान अन्य चोरियों के बारे में भी खुलासा हो सकता है।

# राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी का आरंभ

नई दिल्ली। आज हम एक ऐसे समाज और राष्ट्र की परिकल्पना करते हैं जहां समाज का अंतिम व्यक्ति भी महसूस करें कि देश के प्रत्येक विकास में उसकी भी अहम भूमिका और हिस्सेदारी है। लोकतंत्र की गूँज और राष्ट्र उत्थान में उसके पसीने की गंध का भी मोल हो, तभी सही मायने में लोकशाही का राम-राज्य स्थापित हो सकेगा। एक ऐसा समाज जो पारदर्शी नेतृत्व, आधुनिक तकनीक और नेक नीयत के साथ बुजुर्गों का सम्मान, स्त्रियों की सुरक्षा और नौनिहालों के स्वर्णिम भविष्य की गारंटी देता हो, यह कहना था राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के कन्वीनर एडमिन दीपक पांडिया का, उन्होंने कहा की जहां सरकार दाता के अहंकार में और जनता याचक के रूप में न हों, अपितु सरकार अपना दायित्व निर्वहन करते हुए प्रत्येक नागरिक के घर-द्वार तक सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।




राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के लॉन्च के अवसर पर सर्वसम्मति से राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें ब्रिगेडियर बी. के. खन्ना को चीफ कन्वीनर, दीपक पांडिया को कन्वीनर एडमिन, एन. के. शर्मा को कन्वीनर फाइनेंस, डॉ. एल. सी. शर्मा को मेंटोर और रेणु नेगी को कन्वीनर मीडिया रिलेशन नियुक्त किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड में जे. पी. सिंह, अलोक कुमार, आईएएस रिटायर्ड गौतम मारवाह, पद्मश्री भारत भूषण त्यागी और ब्रिगेडियर विनोद दत्ता शामिल हुए। बिग्रेडियर खन्ना एक अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व है उन्होंने सेना में रहकर देश के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की हैं तथा 1987 में भारत की सेना ने जब श्रीलंका में शांति के लिए भेजी गई थी तो ब्रिगेडियर खन्ना ने उसमें अहम भूमिका निभाई थी, इन्होंने समाज सेवा में सर्वोच्च सेवाओं को प्रदान करने का गौरव हासिल किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेना में रहते हुए हमारा पूरा जीवन देश के प्रति समर्पित रहा है और हर चुनौती को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहे है, आज इस लोकनीति के तहत हम लोगों ने जो संकल्प लिया है उसे भी अवश्य पूरा करेंगे।




एन. के. शर्मा ने कहा की आज की स्थितियॉ इतनी बदल चुकी हैं कि व्यक्ति,परिवार, समाज समेत शिक्षा, स्वास्थ्य,प्रशासन, कृषि, उद्योग आदि सभी क्षेत्र पूरी तरह नवीन और भिन्न हो चुके हैं। ऐसे में हमारी सदियों पुराने प्रशासनिक ढॉचे पर आधारित राजनीति पूरी तरह बेमानी साबित हो चुकी है। हमारी पार्टी का उद्देश्य स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, शिक्षा और अन्य सभी प्रभागों में नए सुधारों के साथ घर द्वार की सेवाओं को लाना ताकि लोग अपनी सेवाओं में 100 प्रतिशत क्षमता के साथ कार्य कर सके, प्रत्येक पंचायत में उसी क्षेत्र के 15 लोगों को रोजगार जो हर सेवा को घर पर ही उपलब्ध करवाएंगे, सरकारी एवं निजी स्कूलों में एक समान व्यवस्था, फीस ढांचा एवं अन्य सुविधाओं को भी एक समान करना है। यह एक बड़ी सच्चाई है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक गणराज्य है, जिसका हमें गर्व भी है। परन्तु एक देश को लोकतान्त्रिक तभी समझा जाना चाहिए जब वहॉं लोकतंत्र के माध्यम से सुशासन की स्थापना हो, अन्यथा यह बात दिवास्वप्न ही होगी।

पार्टी के मेंटोर डॉ. एल. सी. शर्मा ने कहा की हमारा उद्देश्य है नए परिपेक्ष्य में नई सोच और नेतृत्व को आगे लाना, व्यवस्था में नई सहयोगात्मक एवं विकासात्मक सोच एवं शासन प्रणाली की रणनीति का प्रादुर्भाव, समुचित एवं अधिकतम तकनीक आधारित शासन व्यवस्था, जिम्मेवारी एवं आमजन में प्रसन्नता एवं मुस्कान के लिए सेवाएं, शासन व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय करना आदि कुछ प्रमुख है। जे. पी. सिंह ने कहा की व्यवस्था बदल रही है तो हम क्यों न बदले, नेताओं के साथ नागरिकों की भी रेटिंग तय हो, जब दूसरे देश यह कर सकते है तो हम क्यों नहीं। पार्टी का एजेंडा बिल्कुल सही है यह नई दिशा तय करने वाली है। रेणु नेगी ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी पार्टी में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रहेगी जिसमें हम महिलाओं की समस्याओं को और अच्छे तरीके से दूर कर सकेंगे। देश की आवाम और मज़बूत स्तंभ मीडिया के साथ इस राष्ट्रीय लोकनीति और लोकतंत्र की नींव को मज़बूत करने के उद्देष्य से सहयोग और समर्थन की अपील करता है। एक पारदर्शी जिम्मेवार सरकार की परिकल्पना एवं कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाति,धर्म और संप्रदायों से ऊपर उठकर समान राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए राष्ट्रीय लोकनीति पार्टी का आरंभ देश की राजधानी दिल्ली से किया गया है ।

## दो दिवसीय नेटबॉल चैम्पियनशिप में असंध प्रथम, घरौंडा द्वितीय, इंद्री तृतीय स्थान पर

**करनाल, 14 मार्च।** जिला करनाल सीनियर और सब-जूनियर दो दिवसीय नेटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन पंगाला के बाल भारती पब्लिक स्कूल में किया गया था, इस प्रतियोगिता में 6 ब्लाकों की टीमों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। सीनियर लड़कों के वर्ग में बाल भारती स्पोर्ट एकैडमी असंध ने प्रथम स्थान और घरौंडा ने द्वितीय स्थान व इंद्री की टीम ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। सब जूनियर नेटबॉल में लड़कों के वर्ग में बाल भारती स्पोर्ट एकैडमी असंध ने प्रथम, करनाल इंटरनैशनल स्कूल घरौंडा ने दूसरा व नीलोखेड़ी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नेटबॉल संघ के अध्यक्ष सतीश भारद्वाज सुभरी व महासचिव दीपा शर्मा ने बताया कि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सफलता की राह पर पहुंचने के लिए खिलाड़ी लगातार अभ्यास करते रहें। उन्होंने बताया कि 14वीं सीनियर स्टेट नेटबॉल चैम्पिनशिप और 13वीं सब-जूनियर स्टेट नेटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 15 से 17 मार्च तक पानीपत के मदर प्राईड स्कूल में किया जाऐगा। जिसमें करनाल जिले की टीम भी हिस्सा लेंगी। इस दौरान स्टेट चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाऐगा। सतीश भारद्वाज सुभरी ने बताया कि खिलाड़ी को खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए। हरियाणा ने पिछले वर्षो में खेल के क्षेत्र में जो प्रगति की है, उसका लोहा पूरा विश्व मानता है। इस अवसर पर स्कूल संचालक कृष्ण लाल, पी.टी.आई. शमशेर सिंह, कविता चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और स्टेट में होने वाली चैम्पिनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए भी शुभकामनाएं दी।

## इनेलो नेता अभय चौटाला के बयान पर जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला की कड़ी प्रतिक्रिया

**चंडीगढ़, 14 मार्च।** जननायक जनता पार्टी के नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने इनेलो नेता अभय चौटाला के एक बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी हैं। उन्होंने कहा कि अभय चौटाला की जननायक स्व. चौधरी देवीलाल की राजनीतिक वारिस बनने की चाह ने ही उनका और उनकी पार्टी इनेलो का बेड़ा गर्क कर लिया है।



दिग्विजय ने कहा कि जननायक चौ. देवीलाल एक शख्स ही नहीं थे बल्कि अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने कहा कि उनकी उंगली पकड़ कर न जाने कितने लोग विभिन्न प्रदेशों में राजनीति के पटल पर आए और देश की राजनीति में अपना बड़ा नाम किया। जेजेपी नेता ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में कोई नेता चौधरी देवीलाल जैसी शख्सियत का वारिस नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी ने भी कहा था कि उनकी वारिस तो इस देश की आम जनता है।

उन्होंने कहा कि जनता आज भी देवीलाल जी द्वारा किए गए जन-कल्याणकारी कार्यो को याद करती है और अपने जनप्रतिनिधियों से चौधरी देवीलाल की नीतियों पर काम करने की अपेक्षा रखती है, लेकिन अभय चौटाला को हमेशा से ही चौधरी देवीलाल का राजनीतिक वारिस बनने की भूख रही है। दिग्विजय ने कहा कि आज हमें भूख है चौधरी देवीलाल के दिखाए रास्ते पर चलकर उनके सपने पूरे करने की जबकि उन्हें भूख है वारिस बनने की। उन्होंने कहा कि फर्क साफ है और जनता सब देख रही है इसलिए अभय सिंह चौटाला को ये गलतफहमी निकाल देनी चाहिए।

दिग्विजय सिंह चौटाला ने यह भी कहा कि रही बात गांवों में घुसने ना देने की तो इन्हीं धमकियों और गुंडागर्दी की वजह से इन्होंने इनेलो पार्टी का बंटाधार किया है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में चुनाव कोई भी लड़े, जनता के बीच जाने का सबको हक है लेकिन अभय सिंह ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि उनकी हमेशा राजनीति दबाने, मारने और पीटने की रही है और रहेगी। दिग्विजय ने कहा कि अभय सिंह तो ये बहाना ढूंढ रहे हैं कि चुनाव किस मुंह से लड़ें लेकिन ये शायद भूल रहे हैं कि जेजेपी-बीजेपी सरकार में अभय सिंह चौटाला की गुंडागर्दी नहीं चलेगी क्योंकि यहां प्रजातंत्र और कानून व्यवस्था का राज है।

## हरियाणा सरकार ने सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के शारीरिक तथा बौद्धिक विकास के लिए एडवेंचर कैंप का आयोजन करके एक अनूठी मिसाल दी है-मंत्री कंवरपाल गुर्जर

**ज्योति दर्पण**

**होडल(रतन सिंह)** । शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा मोरनी हिल में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर फेस्टिवल के समापन पर आयोजित सम्मान समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पलवल जिले की टीम को शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर द्वारा सम्मानित करने पर जिले के समस्त अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा विभाग हरियाणा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। हरियाणा सरकार ने सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के शारीरिक तथा बौद्धिक विकास के लिए एडवेंचर कैंप का आयोजन करके एक अनूठी मिसाल दी है। सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी विशेष प्रतिभाओं के धनी हैं। उन्हें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया डी ओ सी गाइड विरजन रानी के मार्गदर्शन में 6 फरवरी से 12 तक पंचकूला मोरनी हिल में आयोजित शिविर के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसनपुर तथा राजकीय उच्च विद्यालय करमन के 20 छात्र छात्राओं के दल ने टीम लीडर अयोध्या प्रसाद, लक्ष्मी देवी तथा शशि बाला के नेतृत्व में भाग लिया था।कैंप के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा अनेक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पलवल जिले का प्रतिनिधित्व किया तथा



अपनी क्षमता दिखाई। कैंप का संचालन शिक्षा विभाग के प्रोग्राम ऑफिसर राम कुमार द्वारा किया गया। विद्यार्थियों की विशेष उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, बीईओ होडल यशपाल गर्ग, बीईओ हसनपुर मामराज रावत, प्रधानाचार्य अमर सिंह, मुख्याध्यापक हरीश चंद, स्काउट मास्टर रविंद्र कुमार जिला संयोजक विष्णु गौड़ द्वारा बधाई दी गई